

गिरधारी महाराज

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः कथक

श्री गिरधारी महाराज का जन्म 25 मार्च 1942 को हुआ था। आपने अपने पिता लक्ष्मी नारायण महाराज और चाचा कन्हैयालाल से कथक नृत्य का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। बाद में, गुरु–शिष्य परम्परा के अन्तर्गत आपने ब्रह्मानंद गोस्वामी के सानिध्य में अपने नृत्य कौशल को निखारा।

श्री गिरधारी महाराज ने 16 वर्षों तक जयपुर स्थित राजस्थान संगीत संस्थान में और तीन वर्षों तक जयपुर कथक केंद्र में वरिष्ठ नृत्य गुरु के रूप में कार्य किया है। अभी आप जयपुर स्थित यूनिवर्सिटी महारानी कॉलेज में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। आप दो दशक से भी अधिक समय से श्री लक्ष्मी नारायण नृत्याश्रम नाम की संस्था का संचालन कर रहे हैं जो छात्रों को कथक के क्षेत्र में विशेष अध्ययन की सुविधा प्रदान करता है। आपने राजीव सेठी के साथ उनके नृत्य–नाटक 'आगरा बाजार रीविजिटेड' और 'जलसाघरः रीविजिटिंग द नॉच' में भी काम किया है। आपने जयपुर कथक केंद्र के लिए नृत्य–नाटकों की कोरियोग्राफी की है। आपने भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत फ्रांस में 45 दिनों तक प्रदर्शन किया था। 1993 में थिएटर डू सोलेइल के एरियन म्नौचकिन ने उनसे जयपुर में मुलाकात की थी और उन्हें 'इंडिया, फ्रॉम फादर टू सन एंड फ्रॉम मदर टू डॉटर' नामक अपने शो में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। इस प्रस्तुति के माध्यम से आपने उस कठोरता और आनंद को प्रदर्शित किया जिसके माध्यम से भारत में पारंपरिक कलाएँ सिखाई जाती हैं। आपके नृत्य समूह ने जापान में आयोजित भारत महोत्सव में भी भाग लिया था।

श्री गिरधारी महाराज को राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

कथक नृत्य में योगदान के लिए श्री गिरधारी महाराज को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

GIRDHARI MAHARAJ

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Kathak

Born on 25 March 1942, Shri Girdhari Maharaj has received his initial training from his father Laxmi Narayan Maharaj and his uncle Kanhiyalal. He then further refined the practice of his art under the Guru Shishya Parampara of Brahmanand Goswami.

Shri Girdhari Maharaj served as the Varishtha Nritya Guru at the Rajasthan Sangeet Sansthan in Jaipur for 16 years, and at the Jaipur Kathak Kendra for three years, and he still offers his services to the University Maharani College in Jaipur. He has also been running his own institute, Shri Laxmi Narayan Nrityashram for over two decades facilitating students to pursue specialized study in the field of Kathak. He has worked with Rajeev Sethi for his dance-drama 'Agra Bazaar revisited' and 'Jalsaghar: Revisiting the Nautch'. He has choreographed dance-dramas for Jaipur Kathak Kendra. He had performed in France for 45 days under the Bharat Darshan Programme. In 1993 Ariane Mnouchkine of Theatre du Soleil met him in Jaipur, and invited him to take part in her show called 'India, from father to son and from mother to daughter'. Through the production he showcased the rigour and joy through which the traditional arts are taught in India. His group had participated in the Bharat Mahotsav in Japan.

Shri Girdhari Maharaj has received the Excellency Award of the Rajasthan Sangeet Natak Akademi.

Shri Girdhari Maharaj receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Kathak dance.